# लखनऊ में सड़क-पार्क और चौराहे सोलर लाइटों से रोशन होंगे

■ विजय वर्मा

लखनऊ। लखनऊ को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के प्रयास तेज हो गए हैं। शासन ने लखनऊ के अलावा प्रदेश के दूसरे सभी नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का आदेश जारी कर दिया है। लखनऊ की सभी स्ट्रीट लाइटों को स्मार्ट सोलर लाइटों में बदला जाएगा। सभी हाई मास्ट लाइटों को सोलर हेरिटेज हाई मास्ट में बदला जाएगा। छह मीट्रिक टन के सभी कोल्ड स्टोरेज सोलर कोल्ड स्टोरेज बनाए जाएंगे।

राज्य सरकार लखनऊ समेत प्रदेश के सभी नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने जा रही है। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपी नेडा) निदेशक अनुपम शुक्ला ने पांच अप्रैल को यह आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने लखनऊ नगर निगम को तत्काल काम शुरू करने को कहा है। इसके तहत शहर की सभी करीब तीन लाख स्ट्रीट लाइटों को स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट में बदला जाएगा।

■ ईवी के चार्जिंग स्टेशन भी सोलर सिस्टम वाले होंगे

■ सोलर रुफ टॉप संयंत्र भी स्थापित किए जाएंगे

## वाटर कियोस्क, चार्जिंग भी

शासन के प्रस्ताव के मुताबिक शहर में जगह-जगह सोलर वाटर कियोस्क भी लगेंगे। इससे शुद्ध पानी मिलेगा। जहां भी इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन होंगे, उन्हें सोलर ई-चार्जिंग स्टेशन में बदला जाएगा।

## सोलर सिटी के तहत होंगे ये काम

- ■ सोलर आधारित छह टन के कोल्ड स्टोरेज बनाए जाएंगे।
- ■ गार्डन-पार्क में रोशनी को 2.5 किलो वाट सोलर ट्री लगेंगे
- ■ चौराहों पर सजावट के लिए 1 किलोवाट के सोलर ट्री लगेंगे
- ■ सरकारी, अर्धसरकारी भवनों पर सोलर रूफटॉप संयंत्र लगेगा।
- ■ वाणिज्यिक भवनों पर भी सोलर रूफटॉप संयंत्र लगेगा।
- ■ घरेलू भवनों पर भी सोलर रूफ टॉप संयंत्र स्थापित होंगे।

## 100 रुपए प्रति व्यक्ति सोलर सिटी अनुदान

लखनऊ को सोलर सिटी बनाने के लिए सरकार से अनुदान मिलेगा। यूपी नेडा शहर की आबादी के अनुसार ₹100 रुपये प्रति अनुदान नगर निगम को देगा। शहर की जनसंख्या 50 लाख मानी जाए तो नगर निगम को यूपी नोएडा 50 करोड़ अनुदान देगा। जो शहर को सोलर सिटी के तौर पर विकसित करने पर खर्च होगी।

## हेरिटेज लुक वाले स्ट्रीट सोलर ट्री लगाए जाएंगे



राजधानी के पार्कों, चौराहों पर जल्द ही खूबसूरत सोलर ट्री दिखाई देंगे। यूपी नेडा ने नगर निगम को भेजे पत्र में सोलर ट्री लगाने को कहा है। चौराहों पर खूबसूरत सोलर ट्री आकर्षण का केंद्र होने के साथ रोशनी भी देंगे। इसी तरह काफी ऊंचाई वाली हाई मास्ट लाइट भी बदली जाएंगी। इन्हें शहर की विरासत के आधार पर हेरिटेज लुक दिया जाएगा।